# विकसित भारत हर भारतीय का लक्ष्य राज्यों की होगी सक्रिय भूमिका : मोदी

## नीति आयोग की 9वीं बैठक : पीएम बोले युवाओं को कुशल कार्यबल बनाने में जुटें

## सीएम योगी ने गिनाईं यूपी की उपलब्धियां सात वर्षों में दोगुनी हुई प्रति व्यक्ति आय


अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना हर भारतीय की महत्वाकांक्षा है। इस लक्ष्य को हासिल करने में राज्य सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं, क्योंकि वे जनता से सीधे जुड़े हैं। पीएम मोदी ने शनिवार को नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की 9वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह बात कही।

पीएम मोदी ने कहा, यह दशक तकनीकी और भू-राजनीतिक बदलावों और अवसरों का भी है। भारत को इन अवसरों का लाभ उठाना चाहिए और अपनी नीतियों को अंतरराष्ट्रीय निवेश के अनुकूल बनाना चाहिए। राज्यों को भी इन बदलावों व अवसरों का लाभ उठाना चाहिए। यह भारत को विकसित देश बनाने की दिशा में प्रगति का रास्ता है। हम सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। हमने 100 साल में एक बार आने वाली महामारी को हराया है। हम राज्यों के संयुक्त प्रयास से 2047 तक विकसित भारत के सपनों को पूरा कर सकते हैं।

पीएम ने कहा कि भारत युवा देश है। हमें अपने युवाओं को एक कुशल और रोजगार योग्य कार्यबल बनाने का लक्ष्य रखना चाहिए। >> निवेश के अनुकूल चार्टर बनाएं : पेज 10





नई दिल्ली में नीति आयोग की बैठक में पीएम नरेंद्र मोदी व सीएम योगी। एजेंसी

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली/लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की 9वीं बैठक में कहा कि सात वर्षों में यूपी में प्रति व्यक्ति आय दोगुनी हो गई है। नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश की गौरवशाली उपलब्धियों को रखा।

योगी ने कहा कि विकसित भारत का संकल्प पीएम मोदी के आत्मनिर्भर, समृद्ध, सक्षम, समावेशी और तकनीकी रूप से उन्नत भारत के दृष्टिकोण को दिखाता है। प्रधानमंत्री के इस विजन को साकार करना ही हमारा मिशन है। उत्तर प्रदेश भारत के ग्रोथ इंजन के रूप में स्थापित होने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। सात वर्ष पहले यह प्रदेश एक बीमारू राज्य और देश के विकास का बैरियर माना जाता था। आज यह असीमित संभावनाओं वाले राज्य के रूप में स्थापित हुआ है।

सीएम ने कहा कि मजबूत कानून-व्यवस्था, कारोबारी सुगमता, निवेश अनुकूल नीतियों और सुशासन के कारण उत्तर प्रदेश आज देश में निवेश के अनुकूल स्थान के तौर पर उभरा है। >> 10 सेक्टरों में यूपी का नियोजित विकास होगा : पेज 2